# कंपनी सेक्रेट्रीज इंस्टीट्यूट के शिविर में हुआ 18 यूनिट रक्तदान

कोटा| इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्रीज ऑफ इंडिया की ओर से रविवार को आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में 18 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का आयोजन में कृष्णा रोटरी ब्लड बैंक व कोटा चैप्टर की ओर से हुआ। इसमें इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स, सीएस व शहर के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर चैप्टर चेयरमैन विनयकुमार मिश्रा ने रक्तदान के संबंध में जानकारी दी। सचिव सीएस राहुल जैन ने आने वाले समय में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित करने की बात कही। चैप्टर इंजार्च राजू कुमार ने बताया कि सभी रक्तदाताओं को चैप्टर की ओर से उपहार प्रदान किए गए। यहां सीएस कल्पना जैन, उपाध्यक्ष पूजा मधनानी, सीएस सिमरनजीत कौर, पूर्णिमा जैन, आकाश रजक, प्रिया सतीजा सहित अन्य मौजूद थे।

# सीएस स्टूडेंट व मेम्बर ने रक्तदान किया



नवज्योति/कोटा

विद्यार्थी माह के उपलक्ष्य में रविवार को कोटा चैप्टर ऑफ एन आई आर सी ऑफ आईसीएसआई के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन कृष्णा रोटरी ब्लड बैंक एवं कोटा चैप्टर के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर कोटा चैप्टर की तरफ से सीएस के विद्यार्थियों, सीएस सदस्यों एवं शहरवासियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों एवं सीएस सदस्यों के द्वारा भविष्य में आगे भी इस तरह के सामाजिक कत्यों में योगदान देने की शपथ ली। इस अवसर पर कोटा चैप्टर के चेयरमैन सीएस विनय कुमार मिश्रा ने सीएस सदस्यो एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये रक्तदान के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को कोटा चैप्टर की तरफ से उपहार प्रदान किया गया। इस अवसर पर सचिव सीएस राहुल जैन, राजू कुमार, चैप्टर इंचार्ज, कोटा चैप्टर सीएस कल्पना जैन, उपाध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

Rajasthan Patrika

# उत्साह से किया रक्तदान



**कोटा.** विद्यार्थी माह के उपलक्ष्य में कोटा चैप्टर ऑफ एनआईआरसी ऑफ आईसीएसआई की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कृष्णा रोटरी ब्लड बैंक एवं कोटा चैप्टर के सहयोग से रविवार को आयोजित शिविर में सीएस के विद्यार्थियों, सीएस सदस्यों एवं शहरवासियों ने उत्साह से भाग लिया। चैप्टर के चेयरमैन विनय कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्तदान के महत्व की जानकारी दी। सचिव राहुल जैन ने बताया कि रक्तदाताओं को कोटा चैप्टर की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान चैप्टर इंचार्ज राजू कुमार, उपाध्यक्ष कल्पना जैन एवं कोषाध्यक्ष पूजा मघनानी समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।